तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 12 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 भीषण गर्मी व ओवरलोड से जलने लगा ट्रांसफार्मर



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में वरिष्ठजनों ने शामिल होकर चिकित्सकों से परामर्श लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में पहुंचने वालों ने आयोजकों के प्रयास और उनकी भावनाओं की सराहना की। आरोग्यधाम पॉलीक्लिनिक नया बस स्टैंड ट्रांसपोर्ट नगर में पाली क्लीनिक और भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिक सम्मान माह के अंतर्गत आयोजित किए गए। शहर के अलावा बालको, दर्री, बांकीमोंगरा, कुसमुंडा, रज़गामार से भी वरिष्ठजन स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने पहुंचे। यहां बी पी शुगर के अलावा आंख ,कान, दांत की जांच कराई गई फिजियोथैरेपिस्ट के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की भी सलाह दी गई।

### मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजनान्तर्गत दावा-आपत्ति 15 तक

**कोरबा।** लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. द्वारा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना सत्र 2023-24 अंतर्गत कक्षा 12 वीं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के कुल लक्ष्य 336 के विरूद्ध शेष बचे 19 विद्यार्थियों के प्राप्त व सत्यापित आवेदनों की अंतरिम सूची जारी करते हुए दावा आपत्ति 15 मई सायं 5 बजे तक आमंत्रित की गई है। अंतरिम सूची में कोरबा जिले से तीन विद्यार्थी-रजनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुदुरमाल, हेमा नेताम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या साडा कोरबा और महिपाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघिया है। नियत समयावधि के पश्चात किसी भी दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों से कोई सूचना प्राप्त नहीं होने पर उपरोक्त विद्यार्थियों को 19 मई को प्रोत्साहन राशि 15 हजार की दर से प्रत्येक छात्र को राज्य कार्यालय द्वारा वितरण की कार्यवाही की जायेगी।

### आवास सर्वेक्षण की समय सीमा 15 तक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा बढ़ाकर 15 मई तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गयी है पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल तक निर्धारित था। सरकार ने यह निर्णय राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिया है। ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और व्यापकता के साथ सपन्न किया जा सकें। इस पहल का उदेश्य हर पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करना है। जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिल पाया है।

# अब खदान में समाहित हो जाएगा हरदीबाजार का 42 साल पुराना कॉलेज

## एसईसीएल की दीपका कोयला खदान के लिए अधिग्रहित हो रही जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/हरदीबाजार

अलग खबर

एक समय ग्रामीण अंचल में उच्च शिक्षा का एक मात्र साधन रहने वाला हरदीबाजार महाविद्यालय अब दीपका खदान के विस्तार में समाहित हो जाएगा। आज से 42 साल पहले 1983 में महाविद्यालय की शुरुआत पाली विकासखंड के ग्राम हरदीबाजार में पूर्व विधायक बोधराम कंवर के द्वारा की गई थी। एसईसीएल की दीपका खदान विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण के दौरान महाविद्यालय की पूरी जमीन खदान में समाहित होने महाविद्यालय अब अन्यंत्र स्थान में संचालित होने जा रहा है।

इस महाविद्यालय के लिए मलगांव,अमगांव की जमीन सहयोग में मिली व हरदीबाजार सहित क्षेत्र के सभी ग्रामीणों ने अपने-अपने क्षमता के हिसाब से महाविद्यालय भवन बनाने में अथक योगदान दिया था, जिसके फलस्वरूप यह कोरबा जिले का एक मात्र पीजी कॉलेज के साथ पढ़ाई ,अन्य गतिविधियों में उभर कर जिले ही नहीं पूरे प्रदेश में एक अलग स्थान रहा,इस महाविद्यालय ने क्षेत्र के गरीब से गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा दी,उनके भविष्य गढ़े उन्हें नए मुकाम तक पहुंचाया,जो जनभागीदारी व शासन के अनुदान से चला आ रहा था,जिसके भविष्य को देखते हुए बोधराम कंवर ने सन 2013-2014 के समय इस महाविद्यालय को शासन को देकर शासकीय कर अब शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय के नाम से जाना जाने लगा ।जो अब वर्तमान में दीपका कोयला खदान विस्तार के लिए महाविद्यालय के भवन की जमीन अधिग्रहित किए जाने के बाद अब उक्त भवन को जमींदोज करने की प्रक्रिया शुरु हो गई है। महाविद्यालय का नया भवन का चयन ग्राम पंचायत बम्नीकोना के आश्रित ग्राम डिंडोभांठा में संचालित करने हेतु दो वर्ष पूर्व भवन निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया था किंतु मामला में न्यायालय चलने के कारण महाविद्यालय का नया भवन हरदीबाजार के भांठापारा स्थित मिनी स्टेडियम में बनाए गए अस्थायी पोटा कैबिन में संचालित होगा।

**खास बातें**

- एक समय ग्रामीण अंचल में एक मात्रउच्च शिक्षा का साधन हुआ करता था



### कब मिलेगा शासकीय भवन

महाविद्यालय को अस्थायी पोटा कैबिन में संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय का शासकीयकरण होने के बाद अब आने वाले समय ही बताएगा कि शासकीय करण हो जाने पर शासन कहां और कब तक एक सर्व सुविधायुक्त स्थाई भवन बनाकर देगी। अन्यथा क्षेत्र के बच्चे शिक्षा के लिए अन्य महाविद्यालय का रुख कर सकते हैं जिससे इंकार नहीं किया जा सकता।

## टीएमसी मिनरल रिसोर्स ने एक्ससीयूएमटी कंपनी से किया अनुबंध

# चीन की कंपनी सिंघाली खदान में पेस्ट फिल तकनीक से करेगी कोयला खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की सिंघाली भूमिगत खदान से पेस्ट फिल तकनीक के माध्यम से भारत की नहीं बल्कि चीन की कंपनी कोयला खनन करेगी। यानी सिंघाली खदान भारतीय कंपी के जरिए चीन की एक्ससीयूएमटी नामक कंपनी को दी जाएगी। दरअसल एसईसीएल प्रबंधन ने टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। इसके अंतर्गत सिंघाली भूमिगत कोयला खदान में पेस्ट फिलिंग तकनीक द्वारा बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन किया जाएगा।

**खास बात**

- 25 वर्षों में लगभग 8 .4 मिलियन टन कोयला उत्पादन की योजना



फाइल फोटो

25 वर्षों की अवधि में इस परियोजना के माध्यम से अनुमानित 84.5 लाख टन (8.4 मिलियन टन) कोयला उत्पादन किया जाएगा। यह समझौता 7040 करोड़ रुपए की परियोजना के लिए हुआ है। टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड छत्तीसगढ़ की ही कंपनी है। इस कंपनी रजिस्टर्ड कार्यालय रायगढ़ में तथा कारपोरेट ऑफिस रायपुर में है। सिंघाली भूमिगत खदान से कोयला खनन का कार्य टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीधे तौर पर नहीं किया जाएगा। टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने काम के लिए पेस्ट फिल तकनीक में अग्रणी चीनी कंपनी एक्ससीयूएमटी के साथ समझौता किया है। इसमें सीआईएमएफआर, धनबाद और एनआईटी, रायपुर का सहयोग लिया जाएगा। टीएमसी मिनरल्स रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड के एसईसीएल की सात भूमिगत खदानों का ठेका है। इनमें सिंघाली, हल्दीबाड़ी, एनसीपीएच चिरमिरी, बरतराई जमुना कोतमा, साहपुर वेस्ट शहडोल, चर्चा आओ प्रोजेक्ट, झिलमिली भूमिगत खदान सम्मिलित है। यानी इन खदानों को निजी कंपनी को सौंप दिया गया है।

### सिंघाली में 8.5 मिलियन टन कोयला रिजर्व

सिंघाली अंडरग्राउंड खदान को वर्ष 1989 में 0.24 मिलियन टन प्रति वर्ष की उत्पादन क्षमता के लिए अनुमोदित किया गया था और इसका संचालन वर्ष 1993 में प्रारंभ हुआ। वर्तमान में इस खदान में लगभग 8.45 मिलियन टन जी-7 ग्रेड की नॉन-कोकिंग कोयले का रिज़र्व उपलब्ध है।

### पेस्ट फिलिंग एक नवीन भूमिगत खनन तकनीक

पेस्ट फिलिंग एक नवीन भूमिगत खनन तकनीक है, जिसमें खदान से कोयला निकालने के पश्चात उत्पन्न रिक्त स्थान को विशेष पेस्ट से भरा जाता है। यह पेस्ट फ्लाई ऐश, ओपनकास्ट खदानों से प्राप्त क्रश्ड ओवरबर्डन, सीमेंट, पानी और आसंजक रसायनों से तैयार किया जाता है। इस तकनीक के प्रयोग से खनन उपरांत भूमि के धंसने (सबसिडेंस) का खतरा नहीं रहता, और सतह की भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी नहीं पड़ती।

# लक्ष्य से पिछड़ गई कोयला कंपनियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोलइंडिया अपने वार्षिक लक्ष्य से पिछड़ गई है। इसके पीछे मुख्य वजह कोलइंडिया की महत्वपूर्ण सहायक कंपनियां एसईसीएल, बीसीसीएल व सीसीएल का खराब प्रदर्शन है। कोलइंडिया के आंकड़ों पर गौर करें तो चालू वित्तीय वर्ष कंपनी का लक्ष्य 838.20 मिलियन टन कोयला उत्पादन व 838.22 मिलियन टन कोयला डिस्पेच का था।

**खास बात**

- सहायक कंपनियों की वजह से लक्ष्य से पिछड़ी कोलइंडिया

इसके मुकाबले कोल इंडिया ने लगभग 778.36 मिलियन टन कोयला उत्पादन व 759.53 मिलियन टन कोयला डिस्पेच किया गया है। जो लक्ष्य का करीब 93.20 प्रतिशत व 90.88 प्रतिशत है। कोलइंडिया की 4 सहायक कंपनिया एनसीएल, डब्ल्यूसीएल, एमसीएल और एनईसी ने ना सिर्फ लक्ष्य के मुताबिक बल्कि उससे कही ज्यादा कोयला डिस्पेच किया है। वहीं एनईसी को छोड़कर कोलइंडिया की सभी सहायक कंपनियां अपने डिस्पेच लक्ष्य से पिछड़ गई हैं। कोलइंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल, बीसीएल व सीसीएल का प्रदर्शन सबसे खराब रहा है। एसईसीएल और बीसीसीएल ना सिर्फ उत्पादन व डिस्पेच लक्ष्य से पिछड़े हैं बल्कि दोनों कंपनियों का उत्पादन व डिस्पेच का ग्रोथ भी निगेटिव है। कंपनी के आंकड़ों पर गौर करें तो एसईसीएल व बीसीसीएल को चालू वित्तीय वर्ष में क्रमशः 206 व 45 मिलियन टन उत्पादन व 205.99 मिलियन टन व 45 मिलियन टन कोयला डिस्पेच का था। इसके मुकाबले दोनों कंपनियों ने क्रमशः 166.74 व 40.35 मिलियन टन कोयला उत्पादन और 170 व 37.98 मिलियन टन कोयला डिस्पेच किया है। इस दौरान दोनों कंपनियों का उत्पादन ग्रोथ 10.50 व 1.47 प्रतिशत निगेटिव में है जबकि डिस्पेच का ग्रोथ 9.95 व 1.10 प्रतिशत निगेटिव में है।


फाइल फोटो

### कंपनियों के प्रदर्शन पर एक नजर

| कंपनी | लक्ष्य | उत्पादन | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| एसईसीएल | 206.00 | 166.74 | 81.28 |
| बीसीसीएल | 45.00 | 40.35 | 89.97 |
| ईसीएल | 54.00 | 51.79 | 96.28 |
| सीसीएल | 100.00 | 87.10 | 87.47 |
| एनसीएल | 139.00 | 138.80 | 99.20 |
| डब्ल्यूसीएल | 69.00 | 68.87 | 99.50 |
| एमसीएल | 225.00 | 224.51 | 99.60 |
| एनईसी | 0.20 | 0.20 | 100.00 |
| कुल | 838.20 | 778.36 | 93.20 |

# बस का टूटा पट्टा, पेड़ से टकराकर पलटी दो दर्जन यात्रियों को आई मामूली चोट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदर्श बस सर्विस की एक बस दीपका से सवारी लेकर सुबह जशपुर के लिए रवाना हुई थी। बस कोरकोमा के समीप पहुंची थी कि इसी दौरान बस का पट्टा टूट गया और चालक का नियंत्रण छूट गया। फिर क्या था तेज रफ्तार बस सीधे पेड़ से जा टकराई और सीधे सड़क के किनारे जाकर पलट गई। हादसे के होते ही बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई और घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। जहां घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक ज्यादातर यात्रियों को मामूली चोट आई थी। जिन्हें दूसरे बस से उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया जबकि बस के चालक व कंडक्टर को ही गंभीर चोट आयी है। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दीपका से जशपुर के लिए रवाना हुई एक यात्री बस रविवार को ग्राम कोरकोमा बताती के पास अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार लगभग दो दर्जन यात्री घायल हो गए। घटना के समय बस में 25 से अधिक यात्री सवार थे। दुर्घटना के बाद कुछ यात्री स्वयं ही बस से बाहर निकलने में सफल रहे, जबकि कुछ यात्री बस के अंदर ही फंस गए थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर पहुंचे और बस में फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकालने में मदद की। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार कर उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरी बस की व्यवस्था की गई।

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम कोरकोमा के समीप पलटी थी बस


दुर्घटनाग्रस्त बस।

### सीएसईबी कर्मी के सूने मकान में चोरी

**कोरबा।** बालकोनगर क्षेत्र के एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। मकान के दरवाजे का ताला तोडक़र नकदी सहित 20 हजार रुपए के सामानों की चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में चोरी का मामला दर्ज किया है। ग्राम चुईया में सीएसईबी सेवानिवृत्त कर्मचारी लक्ष्मण साहू का मकान है। वह 27 अप्रैल को पत्नी के साथ किसी काम से रायपुर चले गए थे।




## दिन का अधिकतम तापमान रहा 40 डिग्री सेल्सियस, एक सप्ताह से पड़ रही तेज गर्मी

# मौसम का बदला मिजाज, दिनभर तेज तपिश, शाम को बौछार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दिनभर लोगों ने सूरज की तेज किरणों के साथ तपिश महसूस की। वहीं शाम को दिन ढलते ही मौसम का मिजाज बदला और शहर में पानी की बौछार पड़ने से लोगों को दिनभर की गर्मी से राहत महसूस हुई। बीते एक सप्ताह से लगातार गर्मी पड़ रही थी। मई महीने में कई बार बारिश होने से लोगों को तेज गर्मी का एहसास पूर्व की तरह नहीं हो पाया था।

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव की स्थिति थमने का नाम नहीं ले रहा है। अप्रैल महीने के अंतिम दिनों से लेकर मई माह के शुरुआत से ही बेमौसम बारिश हो रही है। जिससे मौसम के तापमान में लगातार उतार चढ़ाव बना हुआ है। बीते हुए सप्ताह में बारिश नहीं होने से दिन का तापमान 39 डिग्री से लेकर 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। रविवार की सुबह से ही धूप निकली हुई थी और लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा था शाम 5 बजे के बाद मौसम ने जो करवट बदली उसके बाद से शाम 6 बजे तक रुक-रुककर बारिश हुई। जिससे दिनभर मौसम की गर्मी झेल रहे शहरवासियों को राहत मिली। दोपहरभर दिन की तेज गर्मी की वजह से शहर के चौक चौराहे और मुख्यमार्ग सूनसान नजर आ रहे थे। आने वाले दिनों में भी मौसम में उतार चढ़ाव रहने की जानकारी मौसम विभाग के द्वारा दी गई है।


बारिश से भीगी सड़क।

### बारिश से फसलों को नुकसान

मौसम के बदलाव का ज्यादा असर आम की फसल पर पड़ा है। इस वर्ष आम की फसल को लेकर किसानों को भी उम्मीद जगी थी किंतु अप्रैल माह से ही तेज आंधी तूफान के कारण मौसम आम की फसलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। उद्यानिकी विभाग ने भी अपनी नर्सरी की नीलामी फसल आने के पहले कर ली थी। किंतु मौसम के बदले रुप से इस वर्ष आम की फसल नहीं आने के कारण उद्यानिकी विभाग को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।



SUPER SPECIALITY
NKH HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
Licence No.:KORB0019/HOS
NABH
संपूर्ण न्यूरो केयर सुविधा अब NKH कोरबा में में
न्यूरोसर्जरी विभाग
स्पाईन एवं ब्रेन संबंधित सर्जरी
न्यूरोलॉजी विभाग
• माईग्रेन • मिर्गी
• ब्रेन हेमरेज • लकवा
• न्यूरोपैथी • ई.ई.जी. टेस्ट
एंडोस्कोपिक स्पाईन सर्जरी
• दूरबीन पद्धति द्वारा सर्जरी
• स्लिप डिस्क • सायटिका
• एक दिन में स्पाइन सर्जरी में छुट्टी की सुविधा
हमारी प्राथमिकता :- आपका स्वास्थ्य और संतुष्ठि ।
पंजीयन के लिए कॉल करें 860-2599-122
आपातकालीन स्थिति के लिए 623-2033-215
टोल फ्री नंबर 1800-3096-570
न्यू कोरबा हॉस्पिटल, मंगलम विहार कोसाबाड़ी, कोरबा
www.nkhhospitals.in
newkorbahospital@gmail.com




हरिभूमि स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं....
TRILOKI PUBLIC SCHOOL
तमसो मा ज्योतिर्गमय
TRILOKI PUBLIC SCHOOL
Katghora Korba (C.G.)
CBSE Affiliation No. 3330491
ADMISSION OPEN 2025-26
Play Group - 9th & 11th
(Science, Maths, Commerce)
Call for Admissions! +91 7224903339




हरिभूमि स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं....
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा
समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा
जिला-कोरबा (छ.ग.)




हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण के
25वें स्थापना दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मेला ग्राउंड तालाब के पास, कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)
उपलब्ध सुविधाएं
न्यू हाई-टेक
पैथोलेब
लायन डॉ.गोपाल बन गोस्वामी
विनीत-डॉ. गोपाल बन गोस्वामी, संस्थापक-श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
रिसेप्शन-7224896496, 9981086769




आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क इलाज
हरि कृष्णा केयर हॉस्पिटल
हरिभूमि
बिलासपुर संस्करण का 25वें स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HARI KRISHNA CARE HOSPITAL
उपलब्ध सुविधाएं-
♦ 24×7 डॉक्टर उपलब्ध
♦ प्रसव सुविधा नॉर्मल डिलीवरी के साथ
♦ ऑपरेशन सुविधा
♦ E.C.G. सुविधा उपलब्ध
♦ बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण
♦ प्रतिदिन टीकाकरण
♦ महिला नसबंदी की सुविधा
♦ सोनोग्रॉफी, एक्सरे की सुविधा
♦ एम्बुलेंस की सुविधा
♦ हड्डी रोग संबंधी सभी प्रकार के इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा
♦ हाइड्रोसील, हार्निया, पथरी संबंधी इलाज एवं ऑपरेशन
♦ बच्चों से संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
♦ 24×7 पैथलैब ♦ 24×7 मेडिकल सुविधा उपलब्ध
♦ सभी प्रकार की सर्जरी परामर्श एवं सर्जरी सुविधा उपलब्ध
♦ छोटे बच्चों को भर्ती करने की सुविधा उपलब्ध सुविधा
डॉ.कृष्ण कुमार कंवर
MBBS, MS
पता-कोरबा रोड कटघोरा जिला कोरबा छ.ग., मो.-9981596800,7987880663

## खबर संक्षेप

### मंडल अध्यक्ष ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**राजपुर।** भाजपा के मंडल अध्यक्ष अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, व प्रदेश संगठन महा मंत्री पवन साय के मार्गदर्शन व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल की अनुशंसा पर मंडल अध्यक्ष राजपुर जगवंशी यादव ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने मंडल महामंत्री संतोष तिवारी, बबलू यादव, उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव, बंसीधर अग्रवाल(रिंकू), शीतल गुप्ता, आरती टोप्पो, मंत्री नीरज शर्मा, आलोक यादव, रामकेलिया पन्ना, फूलमती सांडिल्य, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, कार्यालय मंत्री गौरव उपाध्याय, सह कार्यालय मंत्री धर्मजीत सिंह, मीडिया प्रभारी सुनील गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी मोनिका कुजूर, सोशल मीडिया प्रभारी सीताराम देवांगन, आईटीसेल संयोजक राजेश यादव को मनोनीत गया है। इसके अलावा कई लोगों को मंडल का सदस्य भी बनाया गया है।

### सेजेस लखनपुर के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में हासिल की सफलता

**लखनपुर/रजपुरीकला।** छत्तीसगढ़ माशिमं द्वारा जारी किए गए बोर्ड परीक्षा के परिणामों में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। पीएमश्री सेजेस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कक्षा 10वीं में कुल दर्ज 38 में से 38 प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए है। इसके साथ ही इसमें से 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किया है। परीक्षा में कक्षा 10वीं में तन्मय ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वहीं कक्षा 12 में कुल दर्ज 36 में से 35 प्रथम श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी ने द्वितीय श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 12वीं की विभा महंत ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य ऋषि कुमार पांडे द्वारा इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए कक्षा शिक्षक एवं विषय शिक्षक को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय का यह परिणाम शिक्षकों की मेहनत एवं लगन से प्राप्त हुआ है। कक्षा शिक्षक श्रीमती प्राची रानी, पार्वती राजवाड़े, अंकिता यादव, प्रियंका प्रियदर्शनी, निशा राजवाड़े, कल्पना सिंह, अनिमेष गुप्ता, रिचा दुबे, राधेश्याम गुप्ता सहित अन्य शिक्षक जिन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने में सहयोग दिया तथा अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई जिन्होंने अपने बच्चों को कड़ी मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया।

### राधा गोविंद सेवा कुंज हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**मदनपुर।** ग्राम कमलपुर में संचालित विद्यालय राधा गोविंद सेवा कुंज हिन्दी,अंग्रेजी माध्यम हाई स्कूल कमलपुर का छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई सकूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है। कक्षा 10वीं से विद्यालय का छात्र आर्यन दास आ. जयंत दास ने 93.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले का टॉप टेन में पांचवा स्थान तथा विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अर्जुन दास आ. जयन्त दास ने 85.66 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान तथा शिवम कुशवाहा आ.हीरालाल कुशवाहा ने 83.33 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान वहीं आकाश गुप्ता आ. अजय नारायण गुप्ता ने 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए चतुर्थ स्थान, शनिदेव विश्वकर्मा आ. रामशरण विश्वकर्मा ने 78.33 प्रतिशत अंक तथा नितिन वर्मन आ. रामरतन वर्मन ने 76.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एसके रपतान, उपाध्यक्ष डॉ. गणेश चंद्र मंडल, सचिव सुखदेव मंडल एवं समिति के सभी पदाधिकारी तथा प्राचार्य एस मुखर्जी ने बच्चों के कठिन परिश्रम एवं विद्यालय के कर्मठ शिक्षकों माता पिता और गुरुजनों को देते हुए सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सो रही पत्नी पर पति ने टांगी से किया प्राणघातक हमला, मौत

**अम्बिकापुर।** पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम करंगजोर निवासी प्यारी बाई नाग पति पटेल नाग (50 वर्ष) बीती रात घर में छोटे पुत्र के साथ सो रही थी। इसी दौरान देर रात लगभग 1 बजे कमरे में आया और सो रही पत्नी के सिर पर टांगी से प्राणघात हमला कर फरार हो गया। इधर मां के साथ सो रहे पुत्र ने घटना की जानकारी बड़े भाई राजकमल नाग व बहन सुगंती को दी। जानकारी लगते ही बहन भाई कमरे में गए तो देखा मां लहूलुहान हालत में खाट पर अचेत पड़ी हुई थी। परिजन ने उसे तत्काल पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हनुमान सिंह कंवर पिता त्रिभुवन सिंह कवर जाति कंवर साकिन खैरभवना तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम सोनपुरी तहसील दीपका जिला कोरबा में स्थित आवेदक दादी लछनकुवंर पति अजोर सिंह, शिवनाथ सिंह, त्रिभुवन सिंह पिता अंजोर सिंह के नाम पर हक स्वामी भूमि ख.नं. 555/4 रकबा 0.874 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि एसइसीएल कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जित कर ली गई है खातेदार लछन कुवर पति अंजोर सिंह की मृत्यु दिनाक 30.01.2022 को हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कटघोरा के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 12/05/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः आज दिनाक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## बैंक प्रबंधन नहीं बनवा रहा नया भवन

# ग्रामीण 40 साल से चल रहे बैंक के स्थानांतरण का कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजगामार

बीते 40 साल से ग्राम पंचायत रजगामार और आसपास के ग्रामीण अंचलों की अर्थव्यवस्था का आधार रहने वाले पंजाब नेशनल बैंक को स्थानांतरित किए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने बीते सप्ताह जनदर्शन में जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा था। रविवार को ग्रामीणों के बीच इस समस्या को लेकर बैठक आहूत की गई थी जिसमें बैंक के स्थानांतरण को हर हाल में रोकने का निर्णय लिया गया है।

**खास बात**
- पंचायत में राशि जारी होने के बाद भी नहीं मिल सका नया भवन

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में ग्राम पंचायत रजगामार के सरपंच हरिसिंह राठिया और जनपद सदस्य उषादेवी कुर्रे ने बताया कि जब से रजगामार ग्राम पंचायत में एसईसीएल की भूमिगत खदान संचालन शुरु हुआ है उस समय से पंजाब नेशनल बैंक की शाखा ग्राम पंचायत रजगामार में भी शुरु हुई थी। बैंक शुरु होने से ग्राम पतरापाली, ठाकुरखेता, टेवानारा, गोड़मा, केसला, केसलपुर, गंगदाई, बासिनखार, केरवां, केराकछार आदि ग्रामों के लोगों का खाता पीएनबी बैंक में चल रहा है। इसके अलावा एसईसीएल कर्मचारी व स्थानीय लोगों का खाता पंजाब नेशनल बैंक में ही खुला हुआ है। इस तरीके से बैंक में लगभग 3 हजार खाताधारी हैं। एक ही भवन में 40 साल से चलने वाले पंजाब नेशनल बैंक को अब ओमपुर में स्थानांतरित किया जा रहा है। बताया जाता है कि ओमपुर में पूर्व से ही एसबीआई बैंक की शाखा चल रही है और वहीं पंजाब नेशनल बैंक को ले जाने की तैयारी चल रही है। ग्रामीणों की मांग है कि जिस तरह का नया भवन ओमपुर क्षेत्र में बनाया जा रहा है उसी तरह का भवन रजगामार क्षेत्र में भी बनाया जा सकता है। किंतु बैंक प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दिया। अगर पीएनबी बैंक का स्थानांतरण होता है तो 10 से 11 ग्राम पंचायत के निवासियों को बैंक के लिए लंबी दूरी का सफर तय करना पड़ेगा।


बैठक में शामिल ग्रामीण।

**धान खरीदी का खाता पीएनबी बैंक में**

एक तरफ सहकारिता विभाग ग्रामीण अंचलों में सहकारी बैंक खोलने के लिए प्रस्ताव भेज रहा है। जिसपर उसे स्वीकृति नहीं मिली है। वहीं राज्य शासन पहुंचविहिन क्षेत्रों तक ग्रामीण बैंक की शाखा खुल रहा है ताकि लोगों को बैंकिंग व्यवस्था का लाभ मिल सके। वहीं दूसरी ओर रजगामार ग्राम पंचायत में चलने वाले पीएनबी बैंक की शाखा को वहां से हटाने की तैयारी चल रही है जबकि अधिकांश किसानों का खाता पीएनबी बैंक में खुलवाया गया है ताकि उन्हें कोरबा जिला मुख्यालय न जाना पड़े।

# लंबित प्रकरणों का उचित समाधन पहला उद्देश्य : वर्णिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा ने कहा कि श्रम से जुड़े बच्चों को एकल खिड़की लेने के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। सबसे पहले उन प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी जो लंबे समय से लंबित चल रहे थे। अध्यक्ष का प्रभार लेने के बाद उनका पहला उद्देश्य यही है।

**खास बात**
- राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष की प्रेसवार्ता

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग छग शासन की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष बनने से पूर्व मैंने क्षेत्र में काफी काम किया है। अच्छी तरह से जानती हूं कि प्रदेश में बच्चों की स्थिति क्या है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले मुझे लंबित प्रकरणों की सुनवाई करना है। सबसे अधिक दुख तब होता है कि प्रकरण लंबित होते हैं और जब तक न्याय मिलता है आखों के आंसू सूख चुके होतें हैं। डा. शर्मा ने बताया कि मेरा पहला काम बच्चों के अधिकारों का सरंक्षण करना है। दूसरा वे बच्चे जिनके अधिकारों का हनन हो रहा है उस दिशा में काम करना है। उन्होंने बताया कि उस समय बहुत पीड़ा होती है जब मैदानी क्षेत्र के बच्चे समर कैम्प में जाते हैं। दूसरी ओर वे बच्चे जो श्रम के लिए जाते हैं। हमें ध्यान देना होगा कि बच्चे बाल श्रम की ओर अग्रसर न हो। इसे रोकने के लिए माह में 7 दिन अभियान चलाकर बाल श्रमिक बच्चों को रेस्क्यू किया जाएगा और एकल खिड़की के माध्यम से चाहे सक्षमता से जुड़ी योजना हो या अन्य योजना के माध्यम से लाभ दिया जाएगा। इस दौरान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. वर्णिका शर्मा के अलावा किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष मनीष शर्मा भी उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करती वर्णिका व अन्य।

# बालको की आरोग्य परियोजना से मातृ शिशु स्वास्थ्य में आया बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी स्वास्थ्य परियोजना आरोग्य के तहत स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श और जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से 10 हजार से अधिक माताओं को सशक्त बनाकर स्वास्थ्य सेवा में बदलाव लाया है। बच्चों के विकास वर्षों में स्वस्थ आहार की भूमिका पर जोर देते हुए बालको ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण संबंधी कमियों को दूर कर रहा है।

आरोग्य परियोजना बच्चों को पोषण स्थिति के आधार पर, उन्हें वर्गीकृत करने के लिए स्वास्थ्य जांच प्रदान करता है। कुपोषित बच्चों की पहचान कर, माताओं के साथ 12-दिवसीय पीडी हर्थ (पोषित आहार पुनर्वास केंद्र) सत्र आयोजित किए जाते हैं। इस अभियान से बच्चे के पोषण और समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सफलता मिली है। सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाले स्वास्थ्य पूरक टेक होम राशन (टीएचआर) का उपयोग करके व्यंजन बनाना सिखाया जाता है। विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कंपनी ग्रामीण समुदाय में स्थायी स्वास्थ्य प्रथाओं का पोषण कर रही है। भारत सरकार द्वारा मातृ एवं शिशु की देखभाल के लिए शुरू की गई पोषण माह पहल के अनुरूप बालको जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को पोषण संबंधी सहायता एवं जागरूकता प्रदान करता है। विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से कंपनी ग्रामीण समुदायों में सस्टेनेबल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दे रहे है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी स्वास्थ्य पहल को प्राथमिकता देती है क्योंकि अच्छा स्वास्थ्य मजबूत समुदाय की नींव है। स्वस्थ माताएँ और बच्चे राष्ट्र के विकास की रीढ़ होते हैं। कंपनी स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, सभी तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच और जागरूकता को बढ़ावा दिया है। विभिन्न पहल के माध्यम से हम एक मजबूत, समावेशी चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाया है। हम समुदायिक भलाई एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए कटिबद्ध हैं। बालको ने एक डिजिटल सीरीज़ भी शुरू किया है जो माताओं को कुपोषण से उबरने के लिए ज़रूरी टिप्स देती है। इसके साथ ही कंपनी नंदघर के ज़रिए बच्चों की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करता है, इसमें एनीमिया की रोकथाम और स्वच्छता जागरूकता पहल शामिल है। बालको अपने सामुदायिक विकास के स्वास्थ्य पहल, ग्रामीण स्वास्थ्य पोस्ट और मेगा स्वास्थ्य शिविर के ज़रिए आसपास के समुदाय के जीवन को बदल रहा है। प्रोजेक्ट नई किरण के प्रयास से कई स्कूल ने माहवारी स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाकर किशोरियों के लिए माहवारी अनुकूल स्थान सुनिश्चित किया है। इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर (आईसीटीसी) स्थापित कर, कंपनी पहली कॉर्पोरेट संस्थान के रूप में राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के साथ भागीदारी की है। इसके साथ ही मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) की मदद से आसपास के 70 समुदाय में घर-घर जाकर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर रही हैं। इससे 22 हजार 500 से ज़्यादा लोगों को स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हुई हैं।



# भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन, किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारत विकास परिषद की कोरबा इकाई के नवीन पदाधिकारियो ने समारोह में दायित्व ग्रहण किया। पदाधिकारियो ने संकल्प लिया है कि वह परिषद के उद्देश्यों की पूर्ति करने का हर संभव प्रयास करेंगे। भारत विकास परिषद कोरबा द्वारा कावेरी रेस्टोरेंट में दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में कोरबा मुख्य शाखा और शक्ति स्वरूपा शाखा के पदाधिकारियो ने दायित्व ग्रहण किया। श्रीमती सुषमा दानी अध्यक्ष निधि तिवारी सचिव और मोहिंदर कौर ने कोषाध्यक्ष का दायित्व स्वीकार किया।

भारत विकास परिषद कोरबा मुख्य शाखा के मनोनित अध्यक्ष कमलेश यादव, सचिव कन्हैयालाल सोनी और कोषाध्यक्ष प्रेम रामचंदानी ने भी दायित्व ग्रहण किया। दोनों शाखाओं के पदाधिकारियो को परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष बृजेश तिवारी ने दायित्व ग्रहण कराया। अन्य पदाधिकारियों और नए सदस्यों को भी दायित्व ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद कोरबा मुख्य शाखा के अध्यक्ष कमलेश यादव ने सभी पदाधिकारियो और सदस्यों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए बताया कि परिषद सबको एक सूत्र में पिरोकर कुछ नवीन कार्य भी करेगा ताकि और राष्ट्रप्रेमी भारत विकास परिषद के साथ मिलकर राष्ट्र सेवा में अपनी भूमिका निश्चित करें। शक्ति स्वरूपा शाखा की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा दानी ने अपने भाव प्रकट करते हुए बताया कि उनके कार्यकाल में परिषद से जुड़े सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर सेवा कार्यों को गति दी जाएगी। भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष बृजेश तिवारी ने सभी पदाधिकारियो को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त किया की परिषद को वर्तमान कार्यकारिणी अपने क्षेत्र में नई ऊंचाई प्रदान करेगी। इससे पूर्व निवृत्तमान अध्यक्ष मोहन अग्रवाल ने स्वागत भाषण में अतिथियों का अभिनंदन किया गया।


शपथ ग्रहण में शामिल पदाधिकारी व सदस्य।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बरपाली तहसील करतला, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

वि.प्र.क्र./बी121/2024-2025
ग्राम-तरदा, प0ह0नं0 02
तहसील-बरपाली, जिला-कोरबा (छग)

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलम साव पिता प्रभुनारायण जाति कलार निवासी ग्राम तिलकेजा तहसील बरपाली जिला कोरबा (छग) के द्वारा अपने पुत्र/पिता/माता स्वयं नीलम साव का जन्म दिनांक 30.12.1991 को निवास ग्राम तरदा में होने से आवेदन पत्र के साथ पृथक से शपथ पत्र, अनुप्लब्धता प्रमाण पत्र एवं पंचनामा पेश किया गया है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, समिति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22.05.2025 तक न्यायालयीन समय में दावा /आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बरपाली, जिला- कोरबा (छग)**










## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित कफ सिरप सप्लाई करने वाला यूपी से गिरफ्तार



**बिलासपुर।** शहर में वाहनों के माध्यम से प्रतिबंधित कफ सिरप सप्लाई करने वाले फरार डीलर को चार साल बाद पुलिस ने यूपी से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, वर्ष 2021 में एक वाहन से प्रतिबंति कफ सिरप लेकर जा रहे यूपी बनारस भदोहा निवासी अभिषेक मिश्रा को पकड़ा गया था। उसके पास से 450 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया था। पूछताछ में उसने बताया वह यहां मंगला महर्षि रोड में किराए के मकान में रह रहा है। सरगना बनारस शिवदासपुर निवासी बृजेश मिश्रा उर्फ पिंटू महराज बनारस से भेजता था और प्रतिबंधित सिरप शहर में खपाने का काम करता था। आरोपी के नहीं मिलने पर मामला ठंडे बस्ते में चला गया। 4 साल बाद टीआई श्री केंवट ने पेंडिल फाइल का अवलोकन किया तो उक्त प्रकरण सामने आया। पुलिस ने बनारस शिवदासपुर से बृजेश पाण्डेय को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### पीड़िता से अनाचार वकील पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बलात्कार पीड़िता को न्याय दिलाने का झांसा देकर अनाचार व मारपीट करने वाले वकील के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा थाना के महिला प्रधान आरक्षक संगीता नेताम ने बताया, कोंडागांव जिले की रहने वाली एक युवती के साथ एक युवक ने अनाचार किया था। पीड़िता ने युवक के खिलाफ कोंडागांव जिला में रिपोर्ट लिखाई। उसके बाद आरोपी युवक को हाईकोर्ट से सजा दिलाने के लिए बिलासपुर आई और चकरभाठा द्वारिकापुरम निवासी वकील बसंत कैवर्त्य से मुलाकात की। वकील उसे न्याय दिलाने का झांसा देकर घुमाने के लिए कोटा के एक रिसार्ट में लेकर गया और अनाचार किया। पीड़िता ने रिपोर्ट लिखाने की बात कहीं तो वकील ने उसे धमकी दी कि उसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी और वह उसके केस में युवक को सजा नहीं दिलाएगा। इस दौरान वकील ने कई बार शारीरिक संबंध बनाया। उसकी हरकतों से त्रस्त होकर पीड़िता 10 मई को सरकण्डा थाने में रिपोर्ट लिखाई।

### युवक ने डेंटल कॉलेज की छात्रा का हाथ मरोड़ कर दी गाली, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** छात्रा मरोड़कर गाली गलौज करने वाले दो छात्रों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, एक निजी डेंटल कालेज की छात्रा की 7 मई को सुबह 11 बजे अब्बू शकलीन होरायरा को डिपार्टमेंट का फेक ओपीडी भरने कहा। उसने मना कर दिया और अभद्रता करने लगा। 12.50 बजे अब्बू शकलीन होरायरा व आकास राय डिपार्टमेंट आए और स्टूडेंट, स्टाफ व मरीजों के सामने उनका गर्दन पकड़कर हाथ मरोड़ने की कोशिश करते हुए गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगे, जिससे छात्रा डर गई। तीन दिन बाद 10 मई को छात्रा ने थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर दोनों छात्रों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### निगम के सामने कांग्रेस कमेटी का प्रदर्शन 14 को

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर व ग्रामीण द्वारा 14 मई को बिलासपुर नगर निगम के सामने प्रदर्शन किया जाएगा। बिलसपुर नगर निगम क्षेत्रों में पानी-बिजली की बड़ी किल्लत हो रही है। इसके सुचारू रूप से आपूर्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेसजन दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन में उपस्थित होंगे। तत्पश्चात नगरनिगम आफिस में प्रदर्शन के लिए जाएंगे। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि अप्रैल से ही बिलासपुर की जनता पानी और बिजली को लेकर परेशान हैं। नगर निगम अभी तक कोई कारगर व्यवस्था नहीं कर पा रही है। शहर के निचले क्षेत्रो में नगर निगम में जो ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं, वहां जल संकट गहरा रहा है।

---

बिलासपुर वन विकास निगम का है क्षेत्र

# लखनी देवी मंदिर के पास भीषण आग लगने से हुआ लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

रविवार की दोपहर बिलासपुर वन मंडल और वन विकास निगम के क्षेत्र में लखनी देवी मंदिर रतनपुर के पास भीषण आग लग गई, जिसके कारण विभाग को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

सूचना मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों और दमकल की मदद से करीब दो से तीन घंटे में आग को बुझा लिया गया है। रविवार की दोपहर रतनपुर महामाया मंदिर से पहले स्थित लखनी देवी मंदिर के पहाड़ पर वन विकास निगम और बिलासपुर वन मंडल ने पौधरोपण किया था, जहां हजारों की संख्या में लगे पौधे अब पेड़ बन चुके हैं। इस स्थान पर रविवार की दोपहर अचानक चारों ओर से धुआं निकलते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

आग लगते हुए मंदिर प्रबंधन ने इसकी सूचना वन विभाग और वन विकास निगम के साथ नगर पालिका को दी, लेकिन सूचना के बाद भी घंटों आग बुझाने के लिए कोई भी मौके पर नहीं पहुंचा। इसकी वजह से मंदिर प्रबंधन और ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। करीब एक से डेढ़ घंटे के बाद वन विकास निगम का स्टाफ फायर ब्रिगेड के साथ घटना स्थल पर पहुंचा और ढाई घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं आग की वजह से आसपास के घरों में धुआं भर गया था, जिसकी वजह से ग्रामीण काफी परेशान हुए।



लखनीदेवी मंदिर रतनपुर के पास जंगल में लगी आग से पौधो को हुआ नुकसान।

### आधे एकड़ में लगी थी आग

लखनी देवी मंदिर के पास पहाड़ में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद स्टाफ को तत्काल मौके पर रवाना किया गया था। यहां आग के कारण करीब आधे एकड़ में छोटी-छोटी झाड़ियां जल गई थी, जिसमें ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।

**-सत्यदेव शर्मा,** डीएफओ वन विकास निगम

# समझौता करने गए पति से पत्नी ने धर्म परिवर्तन करने कहा

■ पति की रिपोर्ट पर पत्नी व प्रिंसिपल के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दहेज प्रताड़ना के मामले में समझौता करने गए इंजीनियर पति को पत्नी ने पहले ईसाइ धर्म अपनाने कहा। पति की रिपोर्ट पर पुलिस ने पत्नी व प्रिंसिपल के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया, चकरभाठा बोदरी स्थित गोल्डन पार्क कालोनी निवासी इंजीनियर मयंक पाण्डेय की शादी 2019 में मध्य प्रदेश अनूपपुर आमाडांड निवासी रंजना पाण्डेय से हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते उनकी पत्नी मायके चली गई और अनूपपुर के महिला थाना में उनके खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट लिखा दी। पुलिस मयंक पाण्डेय व उनके घरवालों के खिलाफ अपराध कायम कर मामले को न्यायालय में पेश किया। 10 मार्च 2025 को न्यायालय में उनकी पेशी थी।

उस दौरान उन्होंने पत्नी को आपसी समझौता कर नए सिरे से परिवार बसाने की बात कही। उनकी पत्नी ने उन्हें बताई कि जीपीएम जिले के कुम्हारी स्थित मुख्यमंत्री डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल ने उसका धर्म परिवर्तन करा दिया है। उसने उन्हें ईसाइ धर्म परिवर्तन करने पर समझौता करने की बात कही। पुलिस ने श्री पाण्डेय की रिपोर्ट पर पत्नी रंजना पाण्डेय व प्रिंसिपल केरोलाइन मैरी के खिलाफ शून्य में बीएनएस की धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर डायरी मध्य प्रदेश अनूपपुर जिला भेज दिया है।



### धर्म परिवर्तन मामले में 4 गिरफ्तार

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, नयापारा शिव विहार गली नम्बर 4 निवासी शिवकांत कश्यप पिता रामराज कश्यप ने रिपोर्ट लिखाई, 11 मई सुबह 11 बजे शिव विहार गली नम्बर 4 नयापारा में अल्का जोसफ, पी सूर्या राव, पी तबिता राव, पी सिमोन राव लोगों को बहला फुसलाकर एवं प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहे थे। उनके द्वारा हर रविवार को सैकड़ो की संख्या में लोगों को घर में बुलाकर यह कार्य किया जा रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 3, 5, 3, 4 के तहत चारों को गिरफ्तार कर लिया है।

# लगातार दूसरे दिन भी बिलासपुर तपा, तापमान पहुंचा 41.2 पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्मी की मार ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है, लगातार दूसरे दिन भी बिलासपुर में तापमान अन्य प्रदेशों की तुलना में सर्वाधिक दर्ज किया गया है। सूरज की तीखी किरणें सुबह 8 बजे से ही तपाने के लिए तैयार थी और दोपहर एक बजे के करीब तापमान 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसके बाद शाम 4 बजे के बाद 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने लगी, लेकिन गर्मी का असर कम नहीं हो सका। शाम होने के बाद भी लू के थपेड़े चलते रहे और गर्मी से राहत नहीं मिल सकी।

गर्मी अपने सितम ढाने लगी है, प्रदेश में दूसरे दिन भी बिलासपुर का तापमान ज्यादा रहा, खास बात यह है कि न्यूनतम तापमान भी बढ़ चुका है, जिसके चलते रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। जहां रविवार को सुबह से ही तेज धूप का सामना करना पड़ा, वहीं दोपहर बाद अचानक बदली छाई और तेज हवाएं चलने लगी, करीब 1 घंटे तक 30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली, इस दौरान एतिहात के तौर पर 33 केवी लाइनों को ट्रिप कर दिया गया था, लेकिन हवा का जोर कम होने के बाद सप्लाई नार्मल कर दी गई। मौसम विभाग ने बिलासपुर समेत दो दर्जन से अधिक जिलो के लिए अलर्ट जारी किया है, इस दौरान अंधड़ चलने की आशंका है। वहीं बादलों के बीच गर्जन और बिजली भी गिर सकती है।

### द्रोणिका दिखा रहा है प्रभाव

असम के आसपास के क्षेत्र में चक्रवाती संचरण जारी है, जिसके चलते पश्चिम बंगाल से झारखंड के बीच करीब 1 किमी की ऊंचाई पर द्रोणिका बन चुकी है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ भी प्रभावशील हो चुका है, जिसके चलते हवाओं का रूख तेज हो रहा है, इस दौरान मंगलवार को भी अंधड़ चलने की प्रबल आशंका बनी हुई है।

### 13 को मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

**बिलासपुर।** आयुष कालेज आफ नर्सिंग लालखदान द्वारा अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 13 मई को हैप्पी स्ट्रीट जूना बिलासपुर में शाम 4 बजे से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन अनिल गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। उस दिन प्रशिक्षार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता जागरुकता नाट्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। नर्सो का महत्व बताया जाएगा। संस्था के संचालक विशाल दीक्षित ने बताया कि संस्था में बीएससी, नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग के साथ पोस्ट बेसिक बीएससी एवं एमएससी नर्सिंग की सभी शाखाएं भी यहां संचालित है। प्रत्येक सत्र में 70 प्रतिशत अंक पाने वाले प्रशिक्षाथियों को 10 हजार रुपए की छात्रवृति दी जाती है। यह जानकारी अनिल कुमार डांगरे ने दी।

### दंपती से मोबाइल की लूट, एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन से पैदल लौट रहे दंपती को चाकू अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल लूटकर दो व्यक्ति भाग गए। दो दिन बाद पीड़ित व्यक्ति की एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस लुटेरों को सुराग नहीं लगा पाई है। तोरवा पुलिस के अनुसार, रेड डायमंड होटल में रिसेप्शन का काम करने वाले जितेन्द्र तांडी पिता निराकर तांडी 9 मई को रात्रि 12 बजे होटल से अपने बहन के घर रायपुर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने अपनी पत्नी गुड्डी बाग के साथ रेलवे स्टेशन गए। ट्रेन विलंब होने से दोनों पैदल होटल लौट रहे थे। रात 1.30 बजे रेलवे तोरवा ब्रिज के पास दो व्यक्ति आए और आटो में जाने के लिए पूछने लगे। उनके द्वारा मना करने पर दोनों युवक पीछा करने लगे। हेमूनगर रेलवे लाइन के बाजू रोड में एक व्यक्ति पैसे की मांग करने लगा। मना करने पर मोबाइल लूटकर भाग गए। दो दिन बाद 11 मई को पुलिस ने अज्ञात दो व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## हेल्थ प्लस

# गोपाल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल कटघोरा जनता की उम्मीदों का केंद्र



ओपीडी में मौजूद मरीज व परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

■ आईवीएफ परामर्श शिविर भी नि :शुल्क होती है संचालित

गोपाल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल कटघोरा इन दिनों स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल बन चुका है इस हॉस्पिटल में मिल रही सुविधाओं की वजह से प्रतिदिन मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय जनता इस अस्पताल पर पूरा भरोसा जता रही है। यहां इलाज कुशल डॉक्टरों द्वारा किया जाता है, साथ ही किफायती दरों में सुविधा उपलब्ध है। जिससे आसपास के हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

इस अस्पताल की सबसे खास बात यह है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज यहां बिना किसी आर्थिक बोझ के अपना इलाज करा पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त यहां आईवीएफ परामर्श शिविर भी निःशुल्क संचालित किए जाने से निःसंतान दंपत्तियों को नई आशा मिलती है। गोपाल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में नॉर्मल डिलीवरी की फीस मात्र 5 हजार रखी गई है, जो आम आदमी के लिए बहुत ही सहज है। साथ ही अस्पताल में सीनियर चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ, अत्याधुनिक उपकरण और सुरक्षित वातावरण गर्भवती महिलाओं को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करते हैं। अस्पताल में दो एम्बुलेंस सेवाएं उपलब्ध हैं एक निजी और एक अस्पताल एम्बुलेंस हैं। ये दोनों एम्बुलेंस 24 घंटे उपलब्ध हैं। इससे इमरजेंसी में समय की बचत होती है और मरीज को समय पर सहायता मिलती है। एम्बुलेंस सेवा की इस तत्परता की स्थानीय जनता खूब सराहना कर रही है। अस्पताल में एक आधुनिक मेडिकल स्टोर भी स्थित है, जहाँ सभी जरूरी दवाइयाँ हर समय उपलब्ध रहती हैं। इससे मरीजों को अन्यत्र भागदौड़ नहीं करनी पड़ती और वे समय पर दवा ले पाते हैं। साथ ही, अस्पताल परिसर में एक्स-रे रूम, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, इमरजेंसी रूम, लेबर ओटी, आईसीयू, एनआईसीयू, पुरुष एवं महिला जनरल वार्ड, प्राइवेट रूम जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। गोपाल मल्टी स्पेशलिस्ट के हॉस्पिटल आज सिर्फ एक अस्पताल नहीं बल्कि एक जनसेवा का प्रतीक बन चुका है। यहां 24 घंटे रिसेप्शन और सुरक्षा व्यवस्था है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को हर समय सहयोग मिलता है। इस अस्पताल ने कटघोरा के आम नागरिकों को गुणवत्ता युक्त और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। निश्चित रूप से यह अस्पताल आने वाले समय में और भी लोगों के लिए उम्मीद से अधिक सुविधा मिलेगी । इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के इलाज सीनियर डाक्टरों द्वारा 24 घंटे सेवा देने के लिए तत्पर उपलब्ध रहते है। 24 घंटे एंबुलेंस सेवा भी उपलब्ध है।
















# भीषण गर्मी व ओवरलोड से जलने लगा ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

गर्मी शुरू होते ही जहां घरों व दुकानों में गर्मी से राहत देने वाले इलेक्ट्रॉनिक समानों का चलन लगातार शुरू हो जाता है जिससे ट्रांसफार्मर में लोड बढ़ जाता और वर्तमान में जहां 43 डिग्री तापमान में गर्मी पड़ने पर उसकी गर्मी और बढ़ जाती है। नतीजतन ट्रांसफार्मर व केबल का जलना लाजमी हो जाता है।

ज्ञात हो कि हरदीबाजार विधुत वितरण के अंतर्गत मेन रोड गांधीनगर के पास लगा ट्रांसफार्मर रविवार की दोपहर 2 बजे धूं-धूं कर जलने लगा। ट्रांसफार्मर जलता देख लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को मोबाइल लगाकर सूचना दी। तब सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति बंद किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पूर्व भी यह ट्रांसफार्मर जल चुका है वहीं बिजली विभाग के कर्मचारी ने बताया कि पहला तो भीषण गर्मी वहीं इस ट्रांसफार्मर से लगभग 90 कनेक्शनधारी उपभोक्ता हैं, जिसमें मुख्य मार्ग में लगे होने से व्यापारियों के दुकान भी संचालित हैं। जहां कूलर, एसी व एक्जास्ट सहित अन्य उपकरण एक साथ लगातार चालू हो जाने से ट्रांसफार्मर की क्षमता से ओवरलोड होने पर ऐसी स्थिति निर्मित होती है।



जलता हुआ ट्रांसफार्मर।

# हरिभूमि बिलासपुर संस्कार के 25वें स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं....






























## खबर संक्षेप

### नगर सैनिकों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून को

**कोरबा।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 4 संभागीय केद्रों-रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा आबंटित एप्लीकेशन आईडी एवं जन्म तिथि डालकर अभ्यर्थी छ.ग.व्यापम की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे। व्यापम द्वारा पंजीयन नंबर पर ही लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थी को प्रवेश पत्र जारी किया जायेगा। जिन पात्र अभ्यर्थी द्वारा छ.ग. व्यापम के वेबसाईट में जाकर पंजीयन एवं आवेदन सबमिट नहीं किया जायेगा वे अभ्यर्थी लिखित परीक्षा से वंचित होंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी अभ्यर्थी की स्वयं की होगी तथा इस संबंध में कोई पत्राचार स्वीकार नहीं होंगे।

### विश्वभर में आज 24 लाख घरों में एक साथ होगा गायत्री महायज्ञ

**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 12 मई को पूरे विश्व में एक साथ गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ में 24 लाख घरों में एक साथ हवन करने का लक्ष्य रखा गया है। यह आयोजन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक होगा। गायत्री परिवार के साधक घर-घर जाकर संपर्क कर अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विशेष अवसरों पर एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ किया जा रहा है, जबकि सामूहिक रूप से पांच, नौ, चौबीस, इक्यावन और 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञ का क्रम भी चल रहा है। जिन घरों में जन्मदिवस, विवाह दिवस, नामकरण, अन्नप्रासन जैसे शुभ अवसर हैं, वहां विशेष रूप से एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ किया जा रहा है। इसी कड़ी में मोनेश राठौर और केदार शर्मा के घर अक्षय तृतीया के अवसर पर यज्ञ किया गया और उन्हें इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। गायत्री परिवार ने आग्रह किया है कि जो लोग बुद्ध पूर्णिमा को गायत्री यज्ञ कराना चाहते हैं, वे समीप के प्रज्ञापीठ, शक्तिपीठ से संपर्क कर सकते हैं।

### जिला भाजपा संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

**कोरबा।** जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को दोपहर 3 बजे पंडित दीनदयाल कुंज संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत सम्पन्न हुई, जिसका उद्देश्य आगामी राष्ट्रहितकारी कार्यक्रमों की रणनीति तय करना, जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना था। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता जनसेवक है, और जब तक संगठन बूथ स्तर पर सशक्त नहीं होगा, तब तक परिवर्तन संभव नहीं है। बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने संगठन की मजबूती व कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर विचार साझा किया।

### पिकअप चालक की पिटाई, मामला दर्ज

**कोरबा।** कटघोरा क्षेत्र कसनिया के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार तीन लोगों ने पिकअप चालक की पिटाई कर दी। साथ ही पिकअप में तोडफ़ोड़ को अंजाम दिया है। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि गुजरवार थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा में रहने वाला विकास ड्रायवरी का काम करता है। वह सोमवार को रायपुर से पिकअप में अंडा लोडकर अंबिकापुर के लिए निकला था। मंगलवार रात लगभग डेढ़ बजे कटघोरा के सेनानी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था। डीजल भरवाने के लिए रूका हुआ था। इस बीच एक बाइक सवार होकर तीन युवक आए और गाली-गलौज करत हुए हाथ, मुक्का और बेल्ट से चालक की पिटाई कर दी। इसके बाद पिकअप के शीशा और दरवाजे पर पत्थर से हमला कर दिया। आसपास के लोगों से पूछने पर आरोपियों का नाम संजय बिझवार उम्र 20 साल, विकास महंत उम्र 27 साल दोनों कसनिया के रहने वाले है। इसके अलावा एक अन्य साथी भी शामिल था।

# क्रेडा को मिला सौर सुजला का लक्ष्य, किसानों के खेतों में लगेंगे सोलर पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

क्रेडा को नए वित्तीय वर्ष के तहत नया लक्ष्य सौर सुलजा के योजना के तहत मिला है। 5 सौ सोलर पंप लगाने का लक्ष्य जो जिले के सभी पांचों विकासखंड में किसानों के खेतों में लगाए जाएंगे। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरु की गई है। पड़त भूमि को उपजाऊ बनाने की दिशा में इसके लिए चयनित किया गया है।

सौर सुलजा योजना से किसानों के उन खेतों तक पानी पहुंचाने की तैयारी की गई है जहां सिंचाई के साधन नहीं पहुंचे हैं। बारह मासी नाले और मानसूनी बारिश के भरोसे सिंचित होने वाले खेतों को सौर सुलजा योजना से किसानों को नई उम्मीद की किरण जगी है। पूर्व में किसानों के उन खेतों तक सौर सुलजा योजना के पंप लगा करते थे जिनमें पूर्व से ही खेती होती थी। वर्तमान में पड़त भूमि को भी इसमें शामिल किया गया है, जहां कभी किसान खेती नहीं लेते थे। सौर सुलजा योजना से पड़त भूमि की तस्वीर बदलने जा रही है। इसके लिए कृषि विभाग से एक रिकार्ड लिया जाएगा किस किसान के पास कितनी पड़त भूमि मौजूद है और उसमें खेती नहीं हो रही है किसानों को उनकी पड़त भूमि उपजाऊ बनाई जाएगी। फिलहाल 5 सौ सोलर पंप लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसके लिए क्रेडा विभाग आवेदन देना शुरु कर दिया है। कृषि विभाग ने इसके लिए सहायक कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से आवेदन लेने की प्रक्रिया ब्लॉक मुख्यालय में शुरु की गई है।

### सिंचाई का रकबा बढ़ाने शासन की है योजना

**खास बातें**

- किसानों से लिए जा रहे हैं नए आवेदन
- 5 सौ सोलर पंप लगाने का लक्ष्य



#### कोरबा और पोड़ी विकासखंड में सर्वाधिक आवेदन

कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में इसके लिए सर्वाधिक आवेदन मिले हैं। विभगा की मानें तो कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड पहाड़ी क्षेत्र में है जो असिंचित क्षेत्र में आते हैं। ऐसे क्षेत्रों में किसान डीजल पंप पर ही निर्भर रहते थे जो उनका आर्थिक रुप से भारी पड़ता था। सौर पंप द्वारा किसानों को अब डीजल पंप के उपर निर्भर होना नहीं पड़ेगा।

### दोहरी फसल की तैयारी

सौर सुलजा योजना लागू होने से किसानों में दोहरी फसल लेने का चलन बढ़ा है। जिसके लिए किसानों को प्रशिक्षित भी किया गया है। पूर्व में किसान केवल धान की फसल ही लिया करते थे। अब इस योजना के माध्यम से किसानों को दोहरी फसल लेने की सहायता मिली है। इसमें सरकार के द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है। यह योजना छोटे पैमाने पर खेती करने वाले किसानों के लिए ज्यादा फायदेमंद है। तीन प्रकार के पंप इस योजना के माध्यम से दिए जाते हैं। पहला 2एचपी, दूसरा 3एचपी और तीसरा 5 एचपी सोलर पंप शामिल हैं।

## सुनालिया मार्ग में बसों के परिचालन पर यातायात पुलिस ने पहले ही लगाई थी रोक

# आदेशों को दरकिनार कर शहर के बीचोबीच दौड़ रही बस, 6 बस चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के बीचोंबीच सुनालिया मार्ग से बसों के परिचालन पर पहले ही यातायात पुलिस ने प्रतिबंध लगाया था लेकिन इसके बाद भी बस संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे और लगातार परिवर्तित मार्ग से जाने की बजाय सुनालिया मार्ग से ही बसों का परिचालन कर रहे हैं जिसकी वजह से आए दिन सुनालिया स्कूल पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार पिछले कुछ दिनों से इस तरह की शिकायतें सामने आने पर अब यातायात पुलिस एक्शन में आ चुकी है और 1 दिनों के भीतर ही 6 बस संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी भरकम जो मन की कार्यवाही की है।

**खास बात**

- लगातार जाम की स्थिति निर्मित होने से आम जनता को हो रही परेशानी, यातायात पुलिस एक्शन में



उल्लेखनीय है कि शहर में लगातार वाहनों का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। जिसके चलते खासतौर पर शहर के सुनालिया पुल पर सबसे अधिक वाहनों का दबाव है। खासतौर पर शाम के वक्त इस मार्ग में भारी भीड़ उमड़ती है। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड से परिचालन करने वाले बस संचालकों को सुनालिया पुल को क्रॉस करके वाहनों का परिचालन न करने का फरमान जारी किया था और उन्हें नया बस स्टैंड से चांपा रोड में जाने के लिए उन्हें राताखार बायपास मार्ग का इस्तेमाल करने के लिए निर्देश जारी किया गया था। पिछले एक महीने से लगातार यातायात पुलिस बस संचालकों को समझाइश दे रही थी और सुनालिया पुल पर न जाने की हिदायत दे रही थी लेकिन इसके बाद भी बस संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे और राताखार बायपास मार्ग से जाने की बजाय लगातार सुनालिया पुल से ही अपने बसों का परिचालन कर रहे थे जिसकी वजह से इस मार्ग में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी इसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने यातायात पुलिस को सख्त फरमान जारी करते हुए इस मार्ग में चलने वाले बस संचालकों पर एक्शन लेने का फरमान जारी किया था। फिर क्या था यातायात पुलिस एक्शन में उतरी और एक दिन के भीतर ही यातायात पुलिस ने इस मार्ग से गुजरने वाले 6 बस संचालकों के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही की है। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से बस संचालकों में हड़कंप शुरू हो गया है और अब यातायात पुलिस के फरमान का बस संचालकों पर असर पड़ना भी शुरू हो चुका है।

### आखिर यातायात जवानों पर भी क्यों नहीं होती कार्यवाही

शहर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित होते रहे इसके लिए पुलिस के अधिकारियों पर निर्देश पर शहर के अलग-अलग चौक चौराहों पर यातायात के जवानों को तैनात किया गया है। खासतौर पर शहर में शहर के भीतर बसों का परिचालन ना हो इसके लिए अलग से यातायात के जवानों को सुनालिया चौक व अग्रसेन चौक, नहर मार्ग में जवानों को तैनात किया गया है ताकि चांपा रोड से आने वाले बस को नहर मार्ग राताखार की ओर डायवर्ट किया जा सके लेकिन अक्सर यह देखने को मिलता है कि अग्रसेन चौक में तैनात यातायात जवान ड्यूटी से नदारत रहते हैं जिसका बस संचालक फायदा उठाते हैं और राताखार मार्ग में जाने की बजाय वे सुनालिया मार्ग की ओर मुड़ जाते हैं। जिसकी वजह से जाम की स्थिति निर्मित होती है। यातायात के आला अधिकारियों को भी ऐसे जवान जो अक्सर अपनी ड्यूटी से गायब रहते हैं उनके खिलाफ भी एक्शन लेना चाहिए ताकि शहर के भीतर बस सहित अन्य भारी वाहनों का परिचालन पूरी तरह से रोका जा सके।

# तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला पर भालू ने किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वनांचल क्षेत्र में इन दिनों तेंदूपत्ता तोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। आदिवासी परिवार अलसुबह उठकर जंगलों में पहुंचकर तेंदूपत्ता तोड़ रहे हैं लेकिन इस बीच वन्यप्राणी भी बहुत आक्रामक हो गए हैं और लगातार हमले की घटना को अंजाम दे रहे हैं। जहां रविवार की अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गई 54 वर्षीय महिला को भालू ने अपना निशाना बनाया है। जहां महिला को मूर्छित अवस्था में उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामला कोरबा वनमंडल के बालको वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम टापरा निवासी चंद्रावती कंवर 54 वर्ष पति चमार कंवर अलसुबह तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए गांव के समीप स्थित जंगल गई हुई थी जहां से वापस लौटने के दौरान उसका सामना जंगली भालू से हो गया। जहां भालू ने महिला पर हमला कर दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर वहां आसपास क्षेत्र में मौजूद तेंदू पता तोड़ रहे लोग वहां पहुंचे और किसी तरह भालू को जंगल की ओर खदेड़ा। इसके उपरांत डायल 112 की मदद से महिला को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

# हाथियों का उत्पात जारी, फिर ढहाया मकान, रौंदी फसल



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा एवं कटघोरा वनमण्डल में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है, जहां कटघोरा के पसान रेंज के बीजाढांढ सर्किल में विचरण कर रहे है। दो लोनर हाथियों में से एक ने केंदई पण्डोंपारा में जेठूराम नामक एक ग्रामीण के मकान को ढहाकर बरदापखना के रास्ते मोहनपुर चला गया। वहीं कोरबा वनमण्डल के गीतकुमारी व चचिया में सक्रिय लोनर हाथियों ने चार ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान की रबी फसल को उत्पात मचाते हुए तहस-नहस कर दिया। हाथियों द्वारा उत्पात मचाने की सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी करने के साथ ही नुकसानी के आंकलन में जुट गये है। जानकारी के अनुसार कटघोरा वनमण्डल के केंदई, एतमानगर व पसान रेंज में इन दिनों 48 की संख्या में हाथी सक्रिय है, जिनमें 2 लोनर हाथी पसान के बीजाडांड व मोहनपुर में हैं। जबकि 11 हाथी केंदई रेंज अंतर्गत कोरबी सर्किल तथा 35 हाथी एतमानगर के जंगल में विचरण कर रहे है। बीजाडांड में मौजूद लोनर हाथियों में से 1 ने उत्पात मचाते हुए सर्किल के केंदई पण्डोपारा में 1 ग्रामीण के मकान को ढहा दिया। जिससे पीड़ित ग्रामीण व उसका परिवार बेघर हो गया है। जबकि दूसरा लोनर अभी भी क्षेत्र में है। इधर कोरबा वनवनमण्डल के कुदमुरा रेंज में लोनर हाथी चचिया व गीतकुंवारी में घूम रहे है। इन हाथियों ने बीती रात खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाया और दोनों ही स्थानों पर 4 ग्रामीणों के धान की फसल को रौंदकर पूरी तरह तहस-नहस कर दिया, जिससे ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण काफी परेशान थे और सुरक्षा के लिए वन विभाग के साथ जिला प्रशासन से गुहार लगा रहे है।

# जहर खाने से युवक की मौत, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात कारणों के चलते 41 वर्षीय युवक ने जहर सेवन कर मौत को गले लगा लिया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला कटोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूछापारा निवासी बुधवार सिंह टेकाम 40 वर्ष पिता मंगल सिंह टेकाम ने अज्ञात कारणों के चलते जहर सेवन कर लिया था। जब परिजनों को पता चला तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया था जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान मेडिकल हॉस्पिटल में बुधवार सिंह की मौत हो गई है युवक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

